दैनिक भास्कर 17-03-2023

### जीएमएन कॉलेज की 53वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ, चीफ गेस्ट द ग्रेट खली ने झंडा फहरा किया उद्घाटन

# 400 मीटर दौड़ में वुमन में रुचि व मैन में आशीष प्रथम

भास्कर न्यूज | अम्बाला

जीएमएन कॉलेज में 53वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ वीरवार को हुआ। एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस व रेडक्रॉस वॉलंटियर्स, वुमन सेल ने मार्चपास्ट करके सलामी दी। उद्घाटन समारोह में मुख्यातिथि अंतरराष्ट्रीय रेसलर द ग्रेट खली रहे। उन्होंने कहा कि कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को अपने जीवन में कुछ न कुछ लक्ष्य जरूर निर्धारित करना चाहिए और खेलों से प्रेरणा लेनी चाहिए। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने कॉलेज की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके बाद स्टूडेंट्स ने हरियाणवी आर्केस्ट्रा पेश किया। कॉलेज गवर्निंग बॉडी के प्रधान डॉ. गुरदेव सिंह, उपप्रधान केजेएस बलहाया, जनरल सेक्रेटरी अजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष आलोक गुप्ता, कॉलेज मैनेजमेंट व ट्रस्ट के प्रधान डॉ. जसवंत राय जैन व प्रबंधक समिति के सदस्य प्रदीप जैन ने चीफगेस्ट का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मंच का संचालन डॉ. अमित, डॉ. मनजीत कौर, डॉ. अनुपमा सिहाग, डॉ. रवनीत व डॉ. तृप्ति ने किया। इस मौके पर सिविल हॉस्पिटल से एम्बुलेंस में डॉ. जोगेंद्र के नेतृत्व में टीम उपस्थित रही। उसके बाद खेल प्रतियोगिता शुरू हुई। पहले दिन खिलाड़ियों के बीच विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं जैसे 400 मीटर वुमन व मैन, हॉप स्टैप एंड लॉन्ग जंप वुमन, 1500 मीटर मैन आदि प्रतियोगिताएं करवाई गईं।



खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान लॉग जम्प में भाग लेते खिलाड़ी।




### • शॉटपुट वुमन में मोनी ने बाजी मारी

- 400 मीटर वुमन में बीए प्रथम वर्ष की रुचि भट्ट पहले, बीए द्वितीय वर्ष की कृतिका दूसरे व बीकॉम द्वितीय वर्ष की संजना तीसरे स्थान पर रहीं।
- 400 मीटर मैन में बीए प्रथम वर्ष का आशीष पहले, पंकज दूसरे व बीसीए द्वितीय वर्ष के रुद्रप्रताप तीसरे।
- 800 मीटर वुमन में बीए द्वितीय वर्ष की कृतिका पहले, रुचि भट्ट दूसरे व बीएससी पहले वर्ष की अंशिका तीसरे।
- शॉटपुट वुमन में बीए पहले वर्ष की मोनी ने पहला, बीए द्वितीय वर्ष की निधि ने दूसरा व बीए तृतीय वर्ष की राखी तीसरे।
- 200 मीटर वुमन में बीए प्रथम वर्ष की रुचि भट्ट पहले, बीए द्वितीय वर्ष की कृतिका वर्मा दूसरे व बीकॉम द्वितीय वर्ष की सृष्टि तीसरे।
- शॉटपुट मैन में बीए द्वितीय वर्ष का कुश पहले, बीएससी प्रथम वर्ष का अमन दूसरे व बीए प्रथम वर्ष का पंकज तीसरे।
- लांग जंप वुमन में बीकॉम द्वितीय वर्ष की संजना पहले, बीए द्वितीय वर्ष की कृतिका दूसरे व बीए प्रथम वर्ष की रुचि तीसरे।
- 1500 मीटर मैन में बीए प्रथम वर्ष का आशीष पहले, बीएससी प्रथम वर्ष का युवराज दूसरे व बीए प्रथम वर्ष का अमन तीसरे।
- हॉप स्टेप एंड जंप मैन में बीए प्रथम वर्ष का पंकज पहले, बीकॉम द्वितीय वर्ष का अदनान दूसरे व बीए प्रथम वर्ष का आशीष तीसरे स्थान पर रहा।